## टिप्पणी

(1)- उपर्यक्त सारणी-1 में उल्लिखित पदों के सापेक्ष आवेदन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी, जो 01 जुलाई, 2016 को पद के सम्मुख अंकित आयु सीमा के अंतर्गत आते हैं और बिन्दु-8 में उल्लिखित अनिवार्य अर्हता रखते हों, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

(2)- उपर्युक्त सारणी-1 में उल्लिखित पदनाम के पदों के लिए चयन किया जाना है।

(3)- साक्षात्कार में बुलाये जाने वाले अर्ह अभ्यर्थियों की संख्या आयोग द्वारा संवीक्षा के उपरान्त नियमानुसार निर्धारित की जाएगी।

(4)- महिलाओं, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों, विकलांग तथा भूतपूर्व सैनिकों को उत्तर प्रदेश सरकार के अद्यावधिक शासनादेशों में विहित नियमानुसार क्षैतिज आरक्षण देय होगा। उत्तर प्रदेश के शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को शासन द्वारा अधिसूचित (चिन्हित पदों पर) पदों पर ही आरक्षण देय है।

(5)- उत्तर प्रदेश शासन के आरक्षण संबंधी नवीनतम अधिनियमों शासनादेशों में निर्धारित/ अध्यादेशों/नीति निर्देशों के अनुरूप आरक्षित रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

(6)- उपर्युक्त सारणी-1 में श्रेणीवार पदों की संख्या संबन्धित विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गए श्रेणीवार आरक्षित रिक्त पदों की सूचना पर आधारित है।

(7)- रिक्तियों की संख्या घट- बढ़ सकती है।

## 8- अनिवार्य अर्हता(शैक्षिक)/अधिमानी अर्हता-

**अनिवार्य अर्हता(शैक्षिक)**- माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 इलाहाबाद से हाईस्कूल परीक्षा अथवा सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की हो तथा आई. टी. आई. के फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, मैकेनिक, ट्यूबवेल मैकेनिक / ट्यूबवेल बोरिंग टेक्नीशियन,मशीनिष्ट,इलैक्ट्रिकल वायरमैन ट्रेड में दो वर्षीय उत्तीर्ण प्रमाण पत्र हो ।

**9- चयन का आधार**:- नलकूप चालक के पद पर भर्ती हेतु चयन का आधार साक्षात्कार है।

परंतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता साक्षात्कार में बुलाये जाने हेतु यथेष्ट नहीं है। अनिवार्य न्यूनतम शैक्षिक अर्हता धारित होने से ही अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने के लिए हकदार नहीं हो जाते हैं। आयोग विज्ञापन में निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक योग्यता के प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर निर्धारित श्रेष्ठताक्रम के अनुसार साक्षात्कार में बुलाये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या को यथोचित सीमा तक कम कर सकता है;

यदि विज्ञापित पदों के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या अत्यधिक होगी और आयोग के लिए उन सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करना सुविधाजनक या संभव नहीं होगा तो आयोग एक प्राक्चयन परीक्षा (screening test) द्वारा साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को यथोचित सीमा तक कम कर सकता है। इस सम्बंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा।

**नोट:- आवेदक का शरीर गठन अच्छा हो और वे फुर्तीले हों।**

**10- आयु सीमा** :- आयु गणना की निश्चायक तिथि 01 जुलाई 2016 है और उक्त तिथि को अभ्यर्थी की आयु 18-40 वर्ष के मध्य होनी चाहिये अर्थात अभ्यर्थी ने 01 जुलाई 2016 (01-07-2016) को 18 वर्ष की आयु अवश्य प्राप्त कर ली हो और 40 वर्ष से अधिक आयु प्राप्त न की हो अर्थात उसका जन्म 02 जुलाई 1976 से पूर्व तथा 01 जुलाई 1998 के बाद न हुआ हो ।

